E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा **A++** ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur- 208024)

सन्दर्भ संo: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी0ओ0ई0 / 538 / 2024 — दिनांक : 06/08 / 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषय : सत्र 2023–24 हेतु एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर तथा प्रायोगिकी / मौखिकी की पूरक परीक्षा (Supplementary Exam.) हेतु परीक्षा फार्म सब्मिशन एवं शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि सत्र 2023–24 हेतु एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर की पूरक परीक्षा (Supplementary Exam.) वस्तुनिष्ठ / वैकल्पिक प्रकार से माह अगस्त, 2024 में सम्पन्न करायी जानी है, जिसका परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। उक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं हेतु ऑन–लाइन फार्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 12.08.2024 निर्धारित की गयी है। उपरोक्त पूरक परीक्षा में निम्नलिखित छात्र / छात्रायें सम्मिलित हो सकेंगेः–

1. बी0ए0 / बी0एस–सी0 पंचम व षष्टम् सेमेस्टर के एक विषय के एक प्रश्न–पत्र अथवा दोनों प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।
2. बी0ए0 / बी0एस–सी0 पंचम व षष्टम् सेमेस्टर के एक विषय की प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।
3. बी0कॉम0, बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम के पंचम व षष्टम् सेमेस्टर के एक प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।
4. बी0कॉम0, बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम के एक विषय के प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।
5. बी0लिब0 / एम0लिब0 पाठ्यक्रम के प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर के एक प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।
6. बी0लिब0 / एम0लिब0 पाठ्यक्रम के प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर के प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।
7. स्नातक पंचम व षष्टम् सेमेस्टर के को–करीकुलर (Co-Curricular) विषय में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।
8. परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर के किसी एक प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।
9. परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर के प्रायोगिक / मौखिक में अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रायें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को अवगत कराते हुए उनका परीक्षा फार्म सब्मिशन कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
3. पी.एम.यू. सेल / प्रभारी, कोडिंग।
4. गार्ड फाइल।

06.08.24

(अजय कुमार गौतम)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)